"M-2020 PAPER"

"PAPER - 5" (Hindi)

# ANSWER BOOK

# उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

Name :- Anurag Solanki  Date :- 19/09/2020

Leave Blank रिक्त छोड़ें

1 a

**द्वित्व वर्ण :-**

ऐसा वर्ण जो किसी शब्द में दो बार मिलकर प्रयुक्त होता है, उसे द्वित्व वर्ण कहते हैं।

जैसे :- बच्चा ⇒ च का प्रयोग

1 b


**प्रारूप लेखन :-**

किसी शासकीय अथवा गैर शासकीय संस्थाओं में प्रयुक्त होने वाले पत्र तथा किसी ज्ञापन, प्रतिउत्तर अथवा आदेश का प्रारंभिक आलेख प्रारूप लेखन कहलाता है।

Do not write beyond this line

1 c

**संज्ञा के प्रकार :-**




Leave Blank रिक्त छोड़ें

# ANSWER BOOK
# उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

1 d

पश्चिमी हिन्दी के अंतर्गत बोली जाने वाली बोलियाँ ⇒

① ब्रजभाषा
② हरयाणवी
③ बुन्देली
④ कौरवी

1 e

| मुहावरे | लोकोक्तियाँ |
| --- | --- |
| ① यह अपने आप में रूढ़ होता है। | ① यह लोक में प्रचलित उक्तियाँ होती हैं। |
| ② यह वाक्य का एक अंश होता है। | ② यह अपने वाक्य में पूर्ण होती हैं। |
| ③ इसका स्वतंत्र प्रयोग अर्थविहीन होता है। | ③ यह स्वतंत्र प्रयोग में अर्थ देती हैं। |

1 f

सन् 1957 में बनी संसदीय राजभाषा समिति के अध्यक्ष →

बाल गंगाधर खेर थे।

1 g

P.T.O. →

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

1 g.

| बहुव्रीहि समास | कर्मधारय समास |
|---|---|
| ① इसमें कोई पद प्रधान नही होता है। | ① इसमें पहला प्रधान तथा दूसरा पद विशेष्य |
| ② दोनो पद मिलकर किसी तीसरे की ओर संकेत करते है। | ② इसमें पहला पद दूसरे की विशेषता बताता है। |
| उदा.- महाजन ⇒ जो जन महान है। (वैश्य) | उदा.- महात्मा ⇒ महान है जो आत्मा |

1 h

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 344 के अंतर्गत राष्ट्रपति को राजभाषा के सम्बन्ध में विचार प्रस्तुत करने हेतु राजभाषा समिति तथा आयोग के गठन का प्रावधान प्राप्त है।
(अनुच्छेद - 344, खण्ड - 4)

1 i

प्रविशेषण ⇒ विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द को प्रविशेषण कहते है।

उदा. → वह बहुत बुद्धिमान विद्यार्थी है।
यहाँ बहुत शब्द विशेषण बुद्धिमान की विशेषता बता रहा है। अत: यह प्रविशेषण है।

Leave Blank रिक्त छोड़े
Do not write beyond this line
Leave Blank रिक्त छोड़े

# ANSWER BOOK
## उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

1 J

तत्सम शब्द :- ऐसे शब्द जो किसी भाषा के मूल शब्द हो जो बिना किसी परिवर्तन के प्रयोग किये जाते हैं।
उदा० - अग्नि , अन्धकार आदि ।

तद्भव शब्द :- ऐसे शब्द जो मूल भाषा अर्थात संस्कृत या प्राकृत से विकृत होकर हिन्दी में प्रयोग किये जाते हैं।
उदा० - आम्र → आम
कर्ण → कान आदि ।

1 K

संयुक्त व्यंजन :- ऐसे व्यंजन जो दो या दो से अधिक व्यंजनों के संयोग से बनते हैं। ये मुख्यत: चार प्रकार के हैं।
( क्ष , श्र , ज्ञ , त्र )

1 L

देवनागरी लिपि की विशेषताएँ -
① इसमें एक ध्वनि के लिये एक ही वर्ण होता हैं।
② इसमें जो बोला जाता हैं, वही लिखा जाता है।
③ इसमें प्रत्येक वर्ण उच्चरित होता हैं।

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

ANSWER BOOK
उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

1 4

लाघव चिन्ह :- किसी बड़े वाक्य या शब्द को संक्षेप में लिखने के लिये लाघव चिन्ह का प्रयोग किया जाता है। ⇒ (॰)
उदा॰ ⇒ भारतीय पुलिस सेवा → भा॰ पु॰ से॰

योजक चिन्ह :- जब किन्ही दो शब्दों को युग्म में दर्शाया जाता है। या कोई शब्द की पुनरुक्ति होती है। ⇒ (–)
उदा॰ ⇒ सीता – राम बार - बार ।

उद्धरण चिन्ह :- जब वाक्य में किसी विशेष शब्द, व्यक्ति या वस्तु को महत्ता दी जाती है। तथा किसी के कथन को दर्शाने हेतु ।
उदा॰ ⇒ 'रामायण' तुलसीदास जी की रचना है।

1 4

प्रतिवेदन :- इसका अर्थ 'सूचना' या 'विवरण' होता है। जब किसी कार्य, घटना, योजना या वृतांत का पूर्ण विश्लेषण तथा उपयुक्त विवरण तैयार कर प्रस्तुत करने योग्य बनाया जाता है, वह प्रतिवेदन कहलाता है।

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

ANSWER BOOK
उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

10

लिपि :-
मूल ध्वनियों के लिये लिखित रुप में प्रयुक्त चिन्ह वर्ण होते हैं, तथा वर्णों को जिस रुप में लिखा जाता है, उसे लिपि कहते हैं।

संस्कृत ← { आर्य परिवार की भाषायें } → पालि

1P

राजभाषा :- वह भाषा जो अन्तर्राज्यीय महत्व तथा राष्ट्र एवं राज्यों के राजकीय काम-काज में प्रयुक्त की जाती है। राजभाषा कहलाती है।

⇒ यह संविधान द्वारा मान्य होती है।
⇒ भारत की राजभाषा 'हिन्दी' है।

19

हिन्दी भाषा का विकास क्रम :-

संस्कृत (1500 से 500 ई.पू.)
→ पालि (500 से 1 ई.पू.)
→ प्राकृत (1 ई.पू. से 500 ई.)
→ अपभ्रंश (500 से 1000 ई.)
→ हिन्दी (1000 ई. से वर्तमान तक)

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

Leave Blank रिक्त छोड़े

14

राजभाषा नियम के अंतर्गत क्षेत्र 'क' अर्थात् मूलतः हिन्दी भाषी क्षेत्र में आने वाले राज्य ⇒
① मध्यप्रदेश
② उत्तरप्रदेश
③ राजस्थान

15

मानक भाषा :- मानक भाषा वह भाषा होती है, जो सभी क्षेत्रों में संप्रेषण का साधन बन सके, तथा सर्वमान्य एवं व्याकरण सम्मत हो।
उदा. समाचार पत्रों में प्रयुक्त भाषा।
पत्र व्यवहार की भाषा।
आकाशवाणी या दूरदर्शन में प्रयुक्त भाषा।

1+

संक्षेपण :- किसी विवरण, वृतांत, या व्याख्या के प्रत्येक तथ्यों का ऐसा सार जिसमें अनावश्यक, अनर्गल एवं पुनरावृत्ति होने वाली बातों को त्याग दिया जाता है। संक्षेपण कहलाती है।
यह एक सार संकलन होता है।

Leave Blank रिक्त छोड़े
Do not write beyond this line
Leave Blank रिक्त छोड़े

2 राजनैतिक ------------------------ नहीं हुआ।

The dignity of castes has increased due to political and economic reasons. After attaining state power, the caste considered to be small was also considered to be excellent prosperous. And with economic progress the status of shudra increased to the status of vaishya. There are many of these. In fact due to these reasons the social dignity of the castes has increased not so much due to religious movements. It seems that the only way to lead the centuary old castes of India towards the path of wellfare is that there will be a spread of their political dignity and economic freedom, on the same day they will be truly free. His claim of being child of god has been accepted before but there was no special benefit to that.

Do not write beyond this line

Leave Blank
रिक्त छोड़ें

# ANSWER BOOK
## उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

3

we do ————————————— and pride.

हम यह स्वीकार करते हैं कि आज हमारे देश में अनेक प्रकार की बुराईयाँ प्रबल हैं। भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और अनाचार चारों ओर अनियंत्रित हैं तथा इस गन्दे दलदल में साधारण व्यक्ति ही नहीं बल्कि अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण प्रशासक तक फँसे हुये हैं। इन दुर्गुणों का अन्त करना आवश्यक हैं किन्तु हम अपने छात्रों और नवयुवकों से अनुरोध करना चाहते हैं, कि यह कार्य विध्वंसात्मक कार्यों से नहीं अपितु रचनात्मक योजनाओं से ही पूर्ण हो पायेगा। वास्तव में, जहाँ तक भी सम्भव हो, छात्रों को राजनीति आदि के दलदल में फँसकर अपनी शिक्षा को बाधित नहीं करना चाहिए। विद्या और ज्ञान मनुष्य की सबसे बड़ी सम्पत्तियाँ हैं, और उन्हें खोकर मनुष्य ठोकरें खाने के अतिरिक्त और कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकता। फिर भी यदि हमारे छात्रों और नवयुवकों को राष्ट्रसुधार में रुचि हैं, तो हम उनका बहुत ही खुशी एवं गर्व के साथ स्वागत करने के लिये तैयार हैं।

Leave Blank रिक्त छोड़ें

Do not write beyond this line

# ANSWER BOOK
# उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

4 रामचरितमानस ----------- नही कहते है।

संक्षेपण :- उपर्युक्त गद्यांश में रामचरितमानस के उत्तरकांड में गरुड़ तथा काकभुशुण्डि की वार्ता का वर्णन है। गरुड़ द्वारा किये गये प्रश्न मानव जीवन के यतार्थ को चित्रित करते है। तुलसीदास जी ने इन्हें अपने जीवन से जोड़कर प्रस्तुत किया है। गरुड़ के प्रश्न 'बड़ दुख्रत कवन, कवन सुख भारी' से आशय है कि संसार में सबसे बड़ा दुख तथा सबसे भारी सुख कौन सा है, जिसके उत्तर में काकभुशुण्डि कहते है कि "दरिद्रता से बड़ा दुःख तथा संतो के मिलन से बड़ा सुख कोई और नही है।" तुलसीदास जी ने सम्पन्नता को सुख ना बताकर संत मिलन को सुख कहा है क्योंकि असल मायनों में संतो के मिलन से प्राप्त शिक्षा तथा मानवीय मुल्यों की महत्ता से बड़ा कोई सुख नही हो सकता।

शीर्षक → सुख एवं दुःख की अवधारणा।

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

ANSWER BOOK
उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

भाव पल्लवन :-

① "बड़ दुःख कवन, कवन सुख भारी"

गरुड़ द्वारा काकभुशुण्डी से पूछा गया प्रश्न - संसार में सबसे बड़ा दुःख तथा सबसे बड़ा या भारी सुख कौन सा है। अर्थात मनुष्य जीवन में अनेक प्रकार के सुख, दुःख प्रतिदिन आते हैं, परंतु ऐसा कौन सा सुख है, जो सबसे बड़ा है, जिसके पश्चात मनुष्य जीवन परिपूर्ण है। तथा ऐसा कौन सा दुःख है, जो सबसे दयनीय तथा भारयुक्त है, जो मनुष्य कभी नहीं भोगना चाहता है।

② "दारिद्र के समान कोई दुःख नहीं और संत मिलन के समान कोई सुख नहीं है।"

काकभुशुण्डि, गरुड़ के प्रश्न का उत्तर देते हुये कहते हैं कि मनुष्य जीवन में दरिद्रता से बड़ा कोई दुःख तथा संतों के मिलन से बड़ा कोई सुख नहीं हैं

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

Leave Blank रिक्त छोड़े

# ANSWER BOOK
## उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

दरिद्रता के कारण अनेक दुःखों एवं कठिनाइयों का जन्म होता है, तथा यह एक दलदल होता है, इसमें से निकलने के लिये अत्याधिक परिश्रम लगता है।

दरिद्रता के विपरीत संपन्नता सबसे बड़ा सुख नही है, अपितु संतों का मिलन सबसे बड़ा सुख है, संतों के मिलन से शिक्षा का ज्ञान होता है, परेशानियों का नाश होता है, तथा ज्ञानवान व्यक्ति कभी दुःखी नही हो सकता। संत जीवन की राह सुगम कर देते है, इसलिये संतो के मिलन सबसे अधिक सुख दायक बताया गया है।

05

Executive → कार्यकारी
Civil Disobedience → सविनय अवज्ञा
Interference → हस्तक्षेप
Offence → अपराध
Nationalisation → राष्ट्रीयकरण
Valid → वैध

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

**ANSWER BOOK**
**उत्तर पुस्तिका**

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

0 6

संख्या - 01/12/2015

कार्यालय - जिला कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी
जिला - इन्दौर

दि. : 27/08/2020

गृह मंत्रालय, म. प्र. शासन के आदेश क्रमांक 108/2020/B-1 दिनांक 25/08/2020 के अनुपालन में, जिले में बढ़ते हुये कोविड -19 के प्रकोप को प्रतिबंधित करने के उपायों में जिले के संपूर्ण बाजारों में कार्य का समय प्रात: 8:00 से 2:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में निम्न सेवाओं को शामिल नही किया गया है -

1. आपातकालीन सेवायें।
2. स्वास्थ्य सेवाये।
3. आपातकालीन शासकीय सेवाये।

प्रतिलिपि :-

1. सभी शासकीय एवं गैर शासकीय कार्यालयों के प्रति सूचनार्थ।

(अ ब स)
जिला कलेक्टर, इन्दौर

Leave Blank
रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

Leave Blank

ANSWER BOOK
उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

07

2.) घी के दिए जलाना.

अर्थ :- अत्यंत प्रसन्न होना।

प्रयोग :- कल तक राहुल नौकरी के लिये भटक रहा था. आज नौकरी लग जाने पर उसके घर में घी के दिए जल रहे हैं।

4) हाथ कंगन को आरसी क्या.

अर्थ :- प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती।

प्रयोग :- वह हिन्दी साहित्य में बहुत दक्ष है, उसके लिये हाथ कंगन को आरसी क्या।

5) सौ चूहे खाकर बिल्ली चली हज को।

अर्थ :- आजीवन पाप करके धर्मात्मा होने का ढोंग करना।

प्रयोग :- गरीबों, असहायों का धन लूटकर साहूकार आज धर्मशाला में लोगों को खाना खिला रहा है। सही कहा गया है, सौ चूहे खाकर बिल्ली चली हज को।

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

ANSWER BOOK

उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

6) ईंट से ईंट बजाना -

अर्थ :- कड़ा मुकाबला करना / नष्ट कर देना।

प्रयोग :- कारगिल के युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना की ईंट से ईंट बजा दी थीं।

8) घड़ी में तोला घड़ी में माशा।

अर्थ :- थोड़ी थोड़ी देर में स्वभाव बदलना

प्रयोग :- मनु कभी पढ़ने की बात करता हैं, तो कभी घूमने की उसकी प्रवृत्ति घड़ी में तोला घड़ी में माशा की हैं।

08

1) अठन्नी

समास विग्रह :- आठ आनों का समूह

समास :- द्विगु समास

2) तपोधन :-

विग्रह :- तप ही हैं धन जिसका

समास :- अव्ययी भाव समास

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

Leave Blank रिक्त छोड़े

ANSWER BOOK
उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

3.) वस्त्र के पर्यायवाची -
→ कपड़ा
→ अंबर
→ वसन

5) कमल के पर्यायवाची -
→ पंकज
→ जलज
→ अम्बुज

8) 'सपूत' का तत्सम शब्द -
'सुपुत्र'

Leave Blank
रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

**ANSWER BOOK**

**उत्तर पुस्तिका**

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

0 9

मुद्रा का - - - - - - - - - - बढ़ती है।

01) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक -

" मुद्रा एवं मुद्रास्फीति "

02) मुद्रा का स्वयं में कोई लाभ नही होता है। मुद्रा का लाभ तभी उठाया जा सकता है, जब मुद्रा के बदले में अन्य वस्तुएँ या सेवायें ली जाती हैं। मुद्रा को व्यय करके सेवाओं एवं वस्तुओं का क्रय किया जाता है, जो लाभ देता है।

03) मुद्रास्फीति का अर्थ :-

जब अधिक मुद्रा का व्यय करने पर कम चीजें प्राप्त होती हैं। अर्थात वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में वृद्धि होने पर उनका मूल्य स्तर बढ़ जाता है। यही मुद्रास्फीति कहलाती है।

मुद्रास्फीति तब होती है, जब निश्चित समय काल में मूल्य बढ़ते हैं।

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

Leave Blank रिक्त छोड़े

ANSWER BOOK
उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हैं। यह मूलतः वस्तुओं और सेवाओं की कुल माँग और देश के कुल उत्पाद के बीच उत्पन्न असंतुलन से उत्पन्न होती है।

04) मुद्रास्फीति में वृद्धि का मुख्य कारण वस्तुओं और सेवाओं की कुल माँग और देश की निष्क्रिय राशि का सक्रिय राशि में परिवर्तित होना है।

अर्थात् जब कोई निष्क्रिय रखी हुई राशि का प्रयोग वस्तुओं अथवा सेवाओं को क्रय करने में करता है, तो वह राशि सक्रिय हो जाती है। जब सरकारी खर्च आय से अधिक हो जाते हैं, तो सरकार देश के केन्द्रीय बैंको से मुद्रा उधार लेती है। जब देश में आयात की अपेक्षा निर्यात में वृद्धि होती है, तो देश में विदेशी मुद्रा अर्जित होती है। यह भी मुद्रास्फीति का एक कारण है।

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

Leave Blank रिक्त छोड़े

ANSWER BOOK

उत्तर पुस्तिका

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

05)

मुद्रास्फीति का मुख्य कारण किसी देश में वस्तुओं और सेवाओं की कुल मांग और देश के कुल उत्पाद के बीच उत्पन्न असंतुलन होता है।

सरकारी खर्च में वृद्धि तथा सरकार का एवं शासकीय / अशासकीय क्षेत्रों का बैंक से उधार लेना असंतुलन उत्पन्न करता है। यह भी मुद्रास्फीति का एक कारण है।

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

**ANSWER BOOK**
**उत्तर पुस्तिका**

कॉलम मे प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करे

10

प्राचार्य,
भारती विद्या मंदिर,
इन्दौर। दिनांक : 25/09/2020

प्रति,
प्राचार्य,
दयानंद विद्यालय, इन्दौर।
विषय - पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के पद हेतु आमंत्रण।

आदरणीय महोदय,
आपको यह सुचित करते प्रसन्नता हो रही हैं कि प्रतिवर्षानुसार, इस वर्ष भी हमारे विद्यालय में "वार्षिक उत्सव" का आयोजन किया गया हैं, जो कि पाँच दिनों तक जारी रहेगा। दिनांक 30/09/2020 को वार्षिक उत्सव के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाना है।
अतः आपसे सविनय निवेदन है कि, आप कार्यक्रम में पधारकर मुख्य अतिथि का पद स्वीकार करें। यह हमारे लिये अत्यंत हर्ष की बात होगी।

धन्यवाद

विश्वसनीय
(ABC)

Leave Blank रिक्त छोड़े

Do not write beyond this line

Leave Blank रिक्त छोड़े


(भारती विद्या मंदिर)